# मंदिरों की सुरक्षा व मूर्ति खंडित करने वालों की हो शीघ्र गिरफ्तारी

**अजमेर, (कासं)।** विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने सोमवार को चन्द्रमोली महादेव मंदिर में हनुमानजी की मूर्ति खंडित करने की घटना पर रोष जताते हुए मंदिरों की सुरक्षा व मूर्ति खंडित करने वाले असामाजिक तत्वों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि 26 अक्टूबर को असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को तोड़ कर खंडित कर दिया था।

विहिप ने कहा कि हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं आहत हुई है, ऐसा कृत्य करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

■ **विश्व हिंदू परिषद ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**




**एसपी को ज्ञापन देने पहुंचे विहिप के पदाधिकारी।**

एसपी वंदिता राणा को दिए ज्ञापन में विहित के पदाधिकारियों ने मंदिरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्थित सभी मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से दरगाह बाजारए लोंगिया मोहल्ला और देहली गेट क्षेत्रों के मंदिरों की सुरक्षा पुख्ता करने की मांग की है। नेताओं का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं और इसके मद्देनजर मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि धार्मिक भावनाओं को आहत होने से रोका जा सके।

**घुसपैठियों की हो जांच:**

विहिप ने ज्ञापन में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की भी जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि ये लोग फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से राशन कार्ड और आधार कार्ड बनाकर इन क्षेत्रों में रह रहे हैं। इन सभी दस्तावेजों की गहन जांच कराई जाए और जिन लोगों के पास वैध दस्तावेज नहीं हैं,उन्हें बाहर निकाला जाए। विहिप ने दरगाह बाजार और आसपास के क्षेत्रों में संचालित अवैध गेस्ट हाउसों में चल रही अवैध गतिविधियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि इन गेस्ट हाउसों में नशे और अनैतिक गतिविधियों का संचालन हो रहा है। विहिप ने प्रशासन से इन गेस्ट हाउसों की जांच करने और अवैध गतिविधियों को रोकने की मांग की है।

## गंगापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई,

**भीलवाड़ा।** जिले की गंगापुर थाना पुलिस ने अवैध हथियार तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुएं 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 अवैध पिस्टल मय 23 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गंगापुर पुलिस उप अधीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार अवैध हथियार की तस्करी करने वाले आरोपीयों के विरुद्ध चलाएं जा रहे अभियान के तहत गंगापुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार अवैध हथियार तस्करी करने वालें आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं आरोपियों के कब्जे से गंगापुर पुलिस ने आठ अवैध पिस्तौल व 23 जिंदा कारतूस बरामद किए। आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। टीम में शामिल फूलचन्द थानाधिकारी, एएसआई रेवत सिंह, कैलाश चन्द्, नारायणलाल, आशीष मिश्रा सउनि इन्चार्ज साईबर सैल, कांस्टेबल गोपालराम, रवि कुमार, गोपाल सिंह, सुरेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, बजरंग इस टीम ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले शिवलाल पिता शंकरलाल जाट उम्र 23 साल निवासी जोर थाना आमेट, मुकेश पिता रोशनलाल जाट उम्र 31 साल, लादुलाल उर्फ लादेन पिता नानुराम कुमावत उम्र 36 साल निवासी गाडरीखेडा थला थाना रायपुर, चंदन उर्फ चन्दु पिता पदमाराम जेवलिया जाति 1 पिस्टल जाट उम्र 19 साल निवासी कुणी चौलसा थाना नावा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आमजन के विश्वास अपराधियों के डर के स्लोगन को सार्थक करने के लिए अपराधियों की शहर में परेड निकाली।

भीलवाडा। जिले की हमीरगढ़ थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करो के खिलाफ की बडी कार्यवाही करते हुएं हरियाणा निर्मित अवैध अठोजी शराब/बीयर के कुल 280 कार्टुन के साथ एक कन्टेनर को जब्त कर दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार। जब्तशुदा शराब कि अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रूपये।धर्मेन्द्र सिंह आई.पी.एस. पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा द्वारा अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, व अवैध हथियार की धरपकड हेतु निर्देशित किया गया, पारस जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, भीलवाडा के निर्देशन व श्याम सुन्दर वृत्ताधिकारी, वृत्त सदर भीलवाडा के निकटतम सुपरविजन में दिलीप सिंह उ.नि. थानाधिकारी, थाना हमीरगढ के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा 27.10.2024 को दिलीप सिह उनि थानाधिकारी थाना हमीरगढ को कानि. विशम्बर दयाल न. 965 ने जरीये मोबाईल बताया की एक कन्टेनर ट्रक रजि0न0 01 4548 जो की भीलवाडा की तरफ से चित्तोडगढ की तरफ आ रहा है जिसमें अवैध शराब होने की शंका है। उक्त सूचना पर थानाधिकारी व गठित पुलिस टीम एनएच 48 न्यु गिल पंजाब होटल के पास सरहद तख्तपुरा पहुॅच नाकाबन्दी प्रारम्भ की।

## आरजेएस में चयन होने पर सुदर्शन पुरोहित का स्वागत,

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** किशनगढ़ बार एसोसिएशन ने न्यायिक सेवा आरजेएस में चयन होने पर सुदर्शन पुरोहित का स्वागत अभिनन्दन किया। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम मनोहर पुरोहित के पुत्र सुदर्शन पुरोहित के चयन पर बार के नवीन कक्ष में जश्न मनाकर हर्ष व्यक्त किया। अध्यक्ष दीपक खटाणा व सचिव गोवर्धन सिंह राठौड़ व पूर्व अध्यक्ष शिव धाभाई ने कहा गौरव का विषय है किशनगढ़ के युवा एडवोकेट का न्यायिक सेवा में चयन हुआ है।

उपाध्यक्ष सोमदत्त पुरोहित, कोषाध्यक्ष महेश मालाकार, मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा, सुरेश गोडेश्वर, प्रवक्ता गोवर्धन नाथ बिदावत, पुस्तकालयाध्यक्ष सिकन्दर खान, वरिष्ठ अभिभाषक रविकांत शर्मा, राकेश शर्मा, दिनेश जाट, महेंद्र पाटनी, नरेन्द्र बिड़ला, नवीन बैरवा, राजेन्द्र आचार्य, प्रतिक मेहता, रतनलाल चौधरी, रुपेश शर्मा, सिराजुद्दीन हनफी, हनुमान प्रसाद शर्मा, मोहम्मद युसूफ, डॉ. रामदेव गुर्जर, विजेन्द्र सिंह राठौड़, मोहम्मद हुसैन माजवी, किशोर सिंह खंगारोत, शरद पारीक, परमानंद शर्मा, विश्राम चौधरी, पदमराज सैनी, राजेन्द्र शर्मा, शिवराज सिंह, राजेन्द्र नुवाद, राधेश्याम मालाकार, मोहम्मद युनुस देशवाली, तेजेन्द्र सिंह, उमराव चौधरी, रामेश्वर चौधरी, गजराज सिंह, हिम्मत सिंह, राजेश गुर्जर, विशाल व्यास, दीपक दाधीच, सुदीप सिंह तंवर, देवकरण गुर्जर, जगदीश गौरा, संजयराज, जटाशंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे। सुदर्शन के साथ पिता श्याम मनोहर पुरोहित का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संदीप आनंद व मुंसिफ मजिस्ट्रेट राहुल शर्मा ने भी सुदर्शन पुरोहित का न्यायिक सेवा में चयन होने पर पर खुशी जताई।

# आयुक्त कीर्ति कुमावत ने पुष्कर सरोवर के घाटों का किया निरीक्षण

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर नगर परिषद की सभापति कीर्ति कुमावत ने कार्तिक मेले की व्यवस्थाओं को लेकर आज पुष्कर सरोवर के 52 घाटों का मौका निरीक्षण कर संबंधित पालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा परिक्रमा मर्ग में बाह रहे सीवरेज के पानीयुक्त के निदान का आश्वासन दिया। कीर्ति कुमावत ने घाटों के निरीक्षण के दौरान नगर परिषद के सहायक अभियंता मुकेश चौहान, कनिष्ठ अभियंता रामनिवास मीणा, वरिष्ठ लिपिक योगेश शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी लोकेंद्र सिंह के सानिध्य में सरोवर के घाटों का निरीक्षण कर घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके अलावा घाटों पर खास तौर पर साफ सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया।

■ **-परिक्रमा मार्ग में बह रहे सीवरेज के पानी के निदान का आश्वासन दिया**



**निरीक्षण करते हुए उपायुक्त व परिषद के अधिकारी ।**

## डायटिशियनसाक्षी डॉट कॉम का शुभारंभ

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर की एंटरप्रिन्योर डॉ साक्षी के नवीन उपक्रम डायटिशियनसाक्षी डॉट कॉम का लैपटॉप पर बटन दबाकर शुभारंभ किया।

अजमेर के सर्किट हाउस में एक सादा समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने डॉ साक्षी भारद्वाज एवं उनके पति नितेश भारद्वाज को शुभकामनाएं प्रेषित की। देवनानी के कहा कि डॉ साक्षी भारद्वाज का यह प्रयास नई पीढ़ी के लिए स्वयं को स्वस्थ एवं निरोगी रखने में बेहद सुखद एवं सार्थक साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी के पास सब कुछ होते हुए भी स्वयं के शरीर के लिए स्वयं नहीं होता, खास तौर से युवा व कामकाजी महिलाएं खुद को फिट और हिट रखने के लिए समय नहीं दे पाती। डायटिशियन साक्षी डॉट कॉम उन्हें आनलाइन आहार और विचार व व्यवहार की सभी सलाहें देकर युवा पीढ़ी को स्वस्थ और निरोगी रख पाने में सार्थक होगा। गौरतलब है कि इस शुभ अवसर पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उल्लेखनीय है कि डॉ. साक्षी पाठक को आहार और पोषण के क्षेत्र में 14 से अधिक वर्षों का अनुभव है, डायटिशियनसाक्षी डॉट कॉम उन लोगों के लिए एक समर्पित मंच है जो विज्ञान आधारित पोषण सहायता प्राप्त करना चाहते हैं। यह प्लेटफॉर्म स्कूलों, कॉर्पोरेट क्लाइंट्स, हृदय रोगियों और वजन प्रबंधन करने वालों के लिए विशेष कार्यक्रम प्रदान करता है।

शुभारंभ पर डॉ. साक्षी पाठक ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष देवनानी जी का समर्थन और उपमुख्यमंत्री बैरवा जी की शुभकामनाएं पाकर मैं अभिभूत हूँ। डायटिशियनसाक्षी डॉट कॉम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करे और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। हमारा लक्ष्य सभी को सुलभ और प्रमाणिक पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करना है।' अपने अनूठे दृष्टिकोण के साथ, डायटिशियनसाक्षी डॉट कॉम एक विश्वसनीय और विशेषज्ञ पोषण मार्गदर्शन का स्रोत बनने के लिए तैयार है।

## 'ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया,

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** विधायक डॉ विकास चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा कर चौपाल पर विभिन्न समस्याओ का समाधान किया। अंराई उपखंड मुख्यालय सहित अनेक गांवो में मुलभुत सुविधाओ से वंचित लोग चौपाल में पहुंचे और राहत के लिये अपना पक्ष रखा। उन्होंने तत्काल संभाधित अफसरों से बात कर कई समस्याओ का मौके पर ही निस्तारण कराया। हालांकि अधिकतर लोग पानी बिजली व्यवस्था से आहत नजर आये। विधायक ने आश्वस्त किया की इसके लिये सार्थक प्रयास निरंतर जारी है, विधानसभा में भी ध्यान आकर्षित किया जायेगा। साथ ही उन्होंने डीडंवाडा,भोगादीत, गागुंदा, मोतीपुरा, झीरोता, आकोडिया, मौजूद रहे।

## जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाडा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं के लिए निर्मित माय भारत पोर्टल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 अक्टूबर तक 'यह दीवाली माय भारत वाली' विषय के अंतर्गत देश भर में स्वैच्छिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन मुख्य गतिविधियां चयनित की गई हैं, जिसमें बाजारों की सफाई, अस्पतालों में रोगियों की मदद तथा यातायात पुलिस को सहायता करना गतिविधियां शामिल होंगी।सोमवार को युवा स्वयंसेवकों की टीम ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल के अंतर्गत, स्वयंसेवकों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे लोगों को गुलाब का फूल देकर समझाइश की। इस दौरान, स्वयंसेवकों ने लोगों को यातायात नियमों का महत्व समझाया और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित यातायात पुलिस की टीम को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने सड़क सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाई। शुभम ओझा ने युवा दल का नेतृत्व करते हुए बताया कि उनका लक्ष्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना और सड़क पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना है। इस प्रयास की स्थानीय समुदाय में सराहना की जा रही है, और उम्मीद जताई जा रही है।

# रेलवे अस्पताल का एनडब्लयूआर के महाप्रबंधक ने लिया जायजा

**अजमेर, (कासं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के रेलवे अस्पताल का सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए नई सुविधाओं का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने नवनिर्मित बहिरंग दवा वितरण केंद्र का भी उद्घाटन किया, जिससे रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को लाभ मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मरीजों से संवाद कर अस्पताल में चल रहे उपचार और देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल के विभिन्न वार्डों और आईसीयू का निरीक्षण करते हुए उन्होंने डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ चर्चा की और उन्हें अत्याधुनिक सुविधाएं और संसाधनों की उपलब्धता के लिए सुझाव भी दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि रेलवे अस्पताल में आईसीयू जैसी सुविधाओं का विस्तार रेलवे कर्मचारियों और उनके परिजन को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

■ **अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश, सुविधाओं का विस्तार किया जाए**



**अस्पताल का निरीक्षण करते महाप्रबंधक।**

**70 स्पेशल ट्रेनों का संचालन:**

महाप्रबंधक ने कहा कि दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर रेलवे द्वारा यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए 70 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। त्यौहार के मद्देनजर यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, जिसके चलते लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है ताकि यात्रियों की यात्रा सुविधाजनक और सुरक्षित रहे। रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं ताकि त्योहार के समय यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## दीपोत्सव पर्व के स्वागत में सजे बाजार

**मसूदा,( निसं )।** दीपावली के पर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल पर बढ़ गई है। व्यापारी व दुकानदार बाजार को सजाने में जुटे हैं। दीपावली पर्व को लेकर उपखंड क्षेत्र के बाजारों में चहल-पहल और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ गई है। खरीदारों के लिए व्यापारियों ने बाजार को आकर्षक झालर और लड़ियों से सजाया है।

सुबह और शाम व्यापारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है। धनतेरस के लिए विभिन्न दुकानों में भी स्टॉक भारत नजर आया। मिट्टी की दीयों, झालर और बिजली की लडियों की भी जमकर दुकान साजी है। व्यापारियों ने बताया कि धनतेरस और दीपावली पर अच्छे व्यवसाय की उम्मीद है बताया है कि ऑनलाइन खरीदारी से बाजार पर असर पड़ा है, जिसके लिए व्यापार संघ विभिन्न माध्यमों से लोगों को दुकान से खरीदारी के लिए प्रेरित भी कर रही है। उन्होंने लोगों से बाजार में दुकानों से एक खरीदारी की अपील की है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक महीने में आने वाली अमावस्या पर दीपावली का पर्व मनाया जाता है जो हिंदुओं के सबसे बड़े त्यौहार में से एक है इस साल दीपावली पर्व की सही तारीख को लेकर काफी संशयकी स्थिति बनी हुई है। पंचांग के अनुसार और ज्यादातर विद्वानों के अनुसार इस बार दीपावली का पर्व गुरुवार 31 अक्टूबर के दिन मानना अधिक उत्तम माना जा रहा है।


**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रेम सिंह रावत पुत्र श्री प्रभु सिंह रावत, जाति रावत, निवासी- तेजाजी का मौहल्ला, बुबानी, अजमेर जो कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री प्रभु सिह पुत्र स्व. श्री छोटू सिंह, निवासी तेजाजी का मौहल्ला, बुबानी, अजमेर से उनकी एक सम्पति जो कि प्रभु सिंह को सोनी उर्फ सोन्या पुत्र स्व. श्री मोती की वसीयत दिनांक 12.06.1976 से प्राप्त हुई है, के खसरा नम्बर 1591 वर्किंग खसरा नम्बर 1610 तथा आधार खसरा नम्बर 2585, 2591/3375 एवं 2608 का 1/8 हिस्सा तथा 1610 के आधे हिस्से मे प्राप्त अधिकार को क्रय करने का इकरार किया गया है यदि उक्त सम्पति के खरीद व बेचान से सम्बधित किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था को कोई आपति है तो प्रकाशन के दिनांक से आगामी 7 दिवस के अंदर अपनी आपति मुझ अधिवक्ता को लिखित मे देकर सूचित करे, बाद मियाद आपति अमान्य मानी व समझी जायेगी।

भवदीय
कपिल रोहिल्ला (एडवोकेट)

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक/न.प.कि/कृ.भूमि/2024/551 दिनांक: 07-10-2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 698, 700/2 पर स्थित आवासीय ( भूखण्ड संख्या 76 क्षेत्रफल 146.66 वर्गगज ) पर श्री छोगाराम पुत्र श्री हनुमान राम ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है -

पूर्व में - 25 फीट चौडा रास्ता पश्चिम में - ओपन भूखण्ड
उत्तर में - रामेश्वर रेगर का आवासीय मकान दक्षिण में - श्रीमती सावित्री देवी यादव का मकान

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आंवटी/ अन्तरिति के मुख्त्यारआम द्वारा पंजीकृत करने पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम नौसर योजना के आवासीय भूखण्ड सं. 14 क्षेत्रफल 200 वर्गगज के आवंटी श्री राजेन्द्र नरचल पुत्र श्री तिलकराज निवासी 74 हरिभाउ उपाध्याय नगर अजमेर से जरिये उनके मुख्त्यारआम पंजीकृत दिनांक 3/1/2023 को श्री ओमप्रकाश जांगिड पुत्र श्री मथुलाल जांगिड द्वारा निष्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 3/7/2024 द्वारा भूखण्ड नामान्तरण हेतु सुश्री उजाला जोशी पुत्री ऋषिकांत जोशी निवासी 1104/1 पीपल वाली गली शांतिपुरा वैशाली नगर अजमेर उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बंध में किसी को कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी यह आवेदकों के नाम नामान्तरण की कारवाई की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2024/406 **आम सूचना** दिनांक : 1.5.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लॉट गृहपंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**नामान्तरण**

| फाइल नं. | आवेदन नाम | मूल आवंटी नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 560 | मोनिका मेहरात पत्नि नूर मोहम्मद | घीसालाल पुत्र कल्याण तातेड | इन्द्रा कॉलोनी बिजयनगर ब्लॉक नं. ई भू.सं. 89 का उत्तरी हिस्सा | 111.11 SQ.YARD | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा राज.**

क्रमांक/न.पा.गु./भूमि/2024/1104-06 दिनांक : 25/10/2022

**लोक सूचना**

(1) ओमप्रकाश पुत्र जगदीश (2) धर्मीचन्द पुत्र जगदीश (3) मधु पुत्री जगदीश निवासीगण गुलाबपुरा तहसील हुरड़ा जिला भीलवाड़ा (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| जिला भीलवाड़ा तहसील हुरड़ा | गुलाबपुरा - II | 1004 का भाग, 1005 का भाग 1006 का भाग | कुल 0.4046 हैक्टर (4046.00 वर्गमीटर) आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी। प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/380 दिनांक : 01-10-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्रीमती रश्मि बाफना पत्नी श्री राजेश बाफना निवासी बफाना भवन बालाजी बगीची के पीछे रूपनगढ तहसील किशनगढ जिला अजमेर राज ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़ | टोंकडा | 452/221 | खसरा नम्बर 452/221 क्षेत्रफल 0.2801 हैक्टेयर यानि 2801.00 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/385 दिनांक : 01-10-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्रीमती निलम बरमेचा पत्नी राकेश बरमेचा निवासी ज्ञान विहार कॉलोनी अजमेर जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़ | टोंकडा | 449/221 | खसरा नम्बर 449/221 में क्षेत्रफल 0.3985 हैक्टेयर यानि 3985.00 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/390 दिनांक : 01-10-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्रीमती ज्योति सोमानी पत्नी श्री गजाधर सोमानी निवासी विराटनगर तहसील किशनगढ जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़ | टोंकडा | 448/221 | खसरा नम्बर 448/221 क्षेत्रफल 0.3992 हैक्टेयर यानि 3992.00 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/394 दिनांक : 01-10-24

**लोक सूचना**

आवेदक अभिषा जैन पुत्री श्री दिनेश कुमार चौरडिया निवासी मरूधर केसरी कॉलोनी आर के लिंक तहसील किशनगढ जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़ | टोंकडा | 450/221 | खसरा नम्बर 450/221 क्षेत्रफल 0.3571 हैक्टेयर यानि 3571.00 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/404 दिनांक : 01-10-24

**लोक सूचना**

आवेदक श्रीमती विमला जैन पत्नी श्री संजय बाफना निवासी केसर कॉलोनी आर के लिंक तहसील किशनगढ जिला अजमेर राज ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयेजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़ | टोंकडा | 451/221 | खसरा नम्बर 451/221 क्षेत्रफल 0.3177 हैक्टेयर यानि 3177.00 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/399 दिनांक : 01-10-24

**लोक सूचना**

दिनांक-24 आवेदक शांति देवी बाफना पत्नी श्री नेमीचन्द बफाना निवासी बफाना भवन बालाजी बगीची के पीछे रूपनगढ जिला अजमेर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| अजमेर | टोंकडा | 453/221 | खसरा नम्बर 453/221 क्षेत्रफल 0.2549 हैक्टेयर यानि 2549.00 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला अजमेर, राजस्थान**

क्रमांकं/नपापु/भूमि/2024/2358 दिनांक-28-10-2024

**उजरदारी सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा फ्री होल्ड पट्टा हेतु आवेदन पेश किया है। अतः आवेदक के बख्शीशशुदा/खरीदशुदा सम्पत्ति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपत्ति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा परिषद् द्वारा नियमानुसार फ्री होल्ड पट्टे की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र स | आवेदक का नाम मय पिता/पति | स्थान जहाँ सम्पत्ति स्थित है | चतुर्थी सीमा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 श्री विजय कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश ब्राह्मण | छोटी बस्ती पुष्कर | पूर्व- श्री विष्णु कांत व अन्य की सम्पत्ति पश्चिम- श्री शिवप्रसाद पाराशर की सम्पत्ति उत्तर- आम रास्ता दक्षिण- आम गली व ब्यावर वालों की धर्मशाला | 116.08 वर्गगज |

आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

## अंतर्राजयीय वाहन चोर गिरफ्तार

**अजमेर, 28अक्टूबर (कासं)।** दरगाह थाना पुलिस ने धोखाधड़ी, लूट और चोरी की वारदात करने वाले अंतर्राजयीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दरगाह क्षेत्र में किराए पर बाइक लेकर खुर्दबुर्द की थी। पुलिस ने आरोपी को चित्तौडगढ़ की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में राजस्थान, गुजरात, केरल, गोवा सहित अन्य राज्यों में 30 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। दरगाह थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ ने बताया कि 15 अक्टूबर को पीडित् राजेश चौरसिया ने मुकदमा दर्ज करवाया था। पीडित् ने शिकायत देकर बताया कि हेमंत नाम के व्यक्ति के द्वारा उसे किराए पर रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल लेकर खुर्दबुर्द की गई। मामले में मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया।

# सांप्रदायिक सौहार्द के साथ निकलेगी आध्यात्मिक यात्रा

**अजमेर, (कासं)।** अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले के दौरान 12 नवंबर को आध्यात्मिक यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर प्रशासनिक विभागों और आध्यात्मिक संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक पारीक धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें आध्यात्मिक यात्रा के मार्ग में उसमें की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।

दरगाह के खादिमों की संस्था अंजुमन के सचिव सरवर चिश्ती कहां की पुष्कर तीर्थ का महत्व पूरे विश्व में है, पुष्कर मेले में जिस प्रकार से श्रद्धालु आते हैं। लेकिन प्रशासनिक विभागों के रिकॉर्ड में इसको पशु मेला लिखा जाता है।

जबकि पुष्कर भरने वाला मेला आध्यात्मिक है और इसमें सभी श्रद्धालु धार्मिक होते हैं। इसलिए इसका नाम पुष्कर आध्यात्मिक मेला रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुष्कर में निकलने वाली आध्यात्मिक यात्रा पर अंजुमन की ओर से पुष्प वर्षा कर सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया जाएगा।

बैठक में उपखंड अधिकारी गौरव कुमार गोयल, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी, मेला अधिकारी डॉ सुनिल घीया, नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत, थानाधिकारी राकेश यादव,नगर परिषद के उपसभापति शिवस्वरूप महर्षि भाजपा नेता अरुण वैष्णव, पार्षद मुकेश कुमावत, रोहन बोकोलिया, कैलाश श्रेष्ठी ,गरीब नवाज सूफी मिशन सोसाइटी के काज़ी मुनव्वर अली, वरिष्ठ पत्रकार नवाब हिदायत उल्ला, अंजुमन के उपाध्यक्ष कलीमुद्दीन चिश्ती, सदस्य शारिब संजरी, निर्मलाश्रम के संत लवकुश हरि महाराज, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर,उदासीन आश्रम महन्त हनुमानराम, पंडित कैलाश नाथ दाधीच, रघु शर्मा, एसपी गौतम, मौसम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गाय को रस्क्यू कर निकाले कीड़े, पहुंचाई राहत

**अजमेर, 28अक्टूबर (कासं)।** कामधुने सेना के पदाधिकारियों ने पशुपालकों से अपील की है कि गाय के सिंग पर रस्सी नहीं बांधे। कामधेनु सैनिकों ने एक गाय को रेस्क्यू कर सिंग में बंधी हटा कर उसके सिंग से कीड़े हटाकर मल्हम -पट्टी व दवा कर राहत प्रदान की।

कामधेनु सेना के राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता मदनलाल गुर्जर ने बताया कि दोराई के सोलमपुर स्थित एक गौ माता जिसके सिंह पर रस्सी बंधी हुई थी जो रस्सी काफी समय से गाय के सिंह पर रहने की वजह से कीड़े पड़ गए । कामधेनु सैनिकों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा सूचना मिलने पर जिला अध्यक्ष प्रदीप व्यास, खानपुरा ठााम अध्यक्ष जयवीर सिंह रावत वह उनकी टीम मौके पर पहुंची और गौमाता के सिंह से रात्रि को रस्सी हटाकर राहत पहुंचाई मगर, रेस्क्यू करते समय अचानक रात्रि में गाय हाथ से निकलकर भाग गई तो दूसरे दिन सभी कामधेनु सैनिकों ने घटनास्थल पर पहुंचकर बड़ी मकसद से भिडकी हुई गाय को रेस्क्यू कर सैकड़ो कीड़े बाहर निकाल करके प्राथमिक उपचार कर राहत पहुंचाई, इस मौके पर सभी कामधेनु सैनिकों ने जीव दया की भावना रखते हुए जिले वासियों से अपील कि और कहां की गौमाता हो या कोई भी जानवर सिंग पर रस्सी नहीं बांधे, क्योंकि आपको बता दें की बहुत से लोग गाय के रस्सी सिंग पर बांधकर आवारा छोड़ देते हैं।

## सार-समाचार

### मनमीत सिंह मोंगा का आर.जे.एस.मे चयन

**अजमेर, 28अक्टूबर (कासं)।** प्रदेश में चयनित न्यायिक अधिकारियों में 48 वीं रैंक पाने वाले मनमीत सिंह मोंगा पुत्र हरचरण सिंह मोंगा अधिवक्ता जिला न्यायालय, अजमेर निवासी-नगरा, अजमेर का चयन राजस्थान न्यायिक सेवा (आर.जे.एस.) में हुआ है। यह सफलता उन्होने प्रथम प्रयास में हासिल की है वकालत की डिठाी एन.एल.यू. पटियाला से प्राप्त की है वर्ततान में वह जिला कलेक्ट्रेट, अजमेर में विधि अधिकारी के रूप में पदस्थापित है। वह इसका श्रेय ईश्वर, अपने माता पिता और मित्रों को देते हैं। अति आवश्यक

### मेड़ता में विशाल रक्तदान शिविर कल

**मेड़ता सिटी, 28 अक्टूबर (निसं)।** समाजसेवी स्वर्गीय हनुमान गढ़वाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में आयोजित होगा। यह रक्तदान शिविर कल दिनांक 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा जिसमें नागौर ब्लड बैंक, मेड़ता की स्थानीय ब्लड बैंक तथा अजमेर की जनाना और जे एल एन से ब्लड संठाहण के लिए 4 टीमें आएगी। हनुमान गढ़वाल के छोटे भाई ने प्रह्लाद गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले की तरह ही यह रक्तदान शिविर भी ऐतिहासिक रहेगा हमारी कोशिश रहेगी ज्यादा से ज्यादा यूनिट खून संठाहण की ताकि किसी मरीज के काम आ सके। शिविर के सफल आयोजन के लिए रक्तदान मोटीवेटर शौकत अली भाटी सुनील नेहरा, पार्षद जाकिर खान सांखला सहित ही उनकी मित्र मंडली द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### खेत के बाड़े में चारा जलने से हजारों रुपये का नुकसान

**मसूदा, 28 अक्टूबर (निसं)।** खेत में रखे चारे में आग लग जाने से पांच ट्रॉली चारा जलकर राख हो गया वही खेत में एकत्रित कर रखे अन्य चारे पर भी आग की लपटे लगने से खराब हो गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार हरलाल पुत्र मोटा सिंह निवासी रामपुरा के मसूदा के उचाड़ा माताजी के पास स्थित खेत में रखे चारे में आग लग जाने से 2 ट्रॉली चारा जल कर नष्ट हो गया वही 5 ट्रॉली चारे में आग की लपटे लगने से आधा जल जाने से खराब हो गया । आग लगने की जानकारी मिलने पर आस पास खेतो में काम कर रहे किसानो ने अपने स्तर पर आग बुझाना प्रारंभ कर दिया एवम अग्निशमन को भी घटना की जानकारी दी ।

## महापौर हाड़ा को ज्ञापन सौंपा

**अजमेर, (कासं)।** नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन कर्मचारियों ने सोमवार को मेयर ब्रज लता हाड़ा को दीपावली पर्व पर अवकाश की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

मेयर ब्रज लजा हाड़ा को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर मुहूर्त के अनुसार 1 नवंबर को दी है,इसको लेकर नगर निगम के कर्मचारियों को 1 नवंबर का अवकाश दिया जाए।

सरकार द्वारा 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व का अवकाश घोषित किया गया है,कर्मचारियों ने मांग की। महापौर अधिकार के अनुसार तीन अवकाश घोषित किया जा सकते हैं, ऐसे में कर्मचारियों ने मांग की की महापौर कर्मचारियों के मांग पत्र को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकार से 1 नवंबर की छुट्टी घोषित करने की घोषणा करें।

कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि नियम अनुसार नगर पालिका अधिनियम के तहत जो भी संभव होगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बाल उपवन पुस्तक का विमोचन

**अजमेर, (कासं)।** साहित्यकार डॉक्टर छाया शर्मा के नव प्रकाशित बाल कविता संठाह ष्बाल उपवनष् का विमोचन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमारए क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ विपिन पाठक, संपर्क अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अन्नाराम शर्मा व पूर्व साहित्य अकादमी अध्यक्ष डॉ.इंदु शेखर तत्पुरुष ने किया।

# दुकानदारों की समस्याओं को सुना

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवानानी के दखल के बाद अजमेर में वक्फ सम्पत्तियों के किराएदार दुकानदारों को बड़ी राहत मिली है। देवनानी के निर्देश के बाद वक्फ बोर्ड के सीईओ सोमवार को अजमेर आए और दुकानदारों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ज्यादातर समस्याओं पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया है। दुकानदारों को दुकान की मरम्मत, नाम ट्रांसफर और किराया जमा होने जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी।

अजमेर शहर में वक्फ सम्पत्तियों पर करीब 800 दुकानदार है। यह दुकानदार कई दशकों से यहां अपना व्यापार करते आ रहे हैं। वक्फ बोर्ड ने पिछले कुछ समय से इन सम्पत्तियों का किराया जमा करना बंद कर दिया था। इसके साथ ही मूल आवंटी की मृत्यु होने पर उसके वारिसों को नाम ट्रांसफर की अनुमति भी नहीं मिल नही थी और ना ही उन्हें दुकानों की मरम्मत करने की इजाजत दी जा रही थी। इन दुकानदारों ने पिछले दिनों विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवानानी से मिल कर समस्याओं के समाधान का आठाह किया था।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वक्फ बोर्ड के अधिकारियों को जयपुर बुलाकर व्यापारियों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानदारों की समस्याएं वाजिब हैं और इनका समाधान किया जाना चाहिए। देवनानी के निर्देश पर वक्फ बोर्ड के सीईओ अबु सूफियान सोमवार को अजमेर आए।

## भजनों व हास्य व्यंग्य के साथ ही ज्ञानवर्धक संस्मरणों की दी प्रस्तुति

**अजमेर, 28अक्टूबर (कासं)।** श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर का दीपावली स्नेह मिलन व मासिक बैठक संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अठावाल की अध्यक्षता में श्री गौड़ ब्राह्मण सभा भवन रेलवे सरक्युलर रोड अजमेर में संपन्न हुई, जिसमें संस्था सदस्यों ने भजनों, गीत, हास्य व्यंग्य व ज्ञानवर्धक संस्मरणों की प्रस्तुतियां दी।

संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अठावाल ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने व सदस्यों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया स अठावाल ने बताया कि संस्था द्वारा गत माह गौशाला, कबूतर शाला व लाडली घर में सेवा कार्य किया गया था तथा नवंबर माह में अन्य स्थानों पर सेवकार्य किये जायेंगे उन्होंने बताया कि संस्था की नियमित गतिविधियों के अलावा 5 दिसम्बर को संस्था के स्थापना की 48वी वर्षगांठ के अवसर पर संस्था सदस्यों की आमसभा, मनोरंजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही संस्था की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

भजनों व मनोरंजन कार्यक्रम के तहत के जे ज्ञानी, उमेश चंद गुप्ता, बालकिशन खंडेलवाल, हनुमान दयाल बंसल, डॉ.कृष्ण गोपाल गोयल, अशोक कुमार गुप्ता, हर्षवर्धन जैन, नटवर गोपाल आचार्य, घनश्याम वर्मा, सत्यनारायण अठावाल, अनिल कुमार गोयल, देवेंद्र कश्यप, प्रवीण अठावाल, हेमेंद्र गर्ग व शैलेंद्र अठावाल ने मधुर भजन, गीत, हास्य व्यंग्य व ज्ञानवर्धक संस्मरणों की प्रस्तुतियों से उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया।

## 'गायत्री शक्ति पीठ मंदिर से यात्रा का आगाज किया जाएगा'


**पुष्कर, (निसं)।** इसको देवस्थान विभाग की ओर से विभिन्न संस्थाओं और आश्रम मठ मंदिरों के संतो के साथ सोमवार को पुष्कर के पारीक आश्रम में सामूहिक बैठक पुष्कर एसडीएम गौरव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि इस बार मुख्य मार्गो से होते हुए आध्यात्मिक यात्रा निकल जाएगी इसको लेकर एसडीएम ने यात्रा मार्ग के बारे में जानकारी दी । गायत्री शक्ति पीठ मंदिर से यात्रा का आगाज किया जाएगा जो मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए मेला मैदान संपन्न होगी इस इस दौरान आध्यात्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में साधु संत सनातन धर्म का संदेश देगे। बैठक में देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी, पुष्कर मेला अधिकारी डॉक्टर सुनिल घीया, पुष्कर नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत पुष्कर थाना सी आई पुष्कर नगर परिषद के उपसभापति शिव स्वरूप महर्षि भाजपा नेता अरुण वैष्णव, पार्षद मुकेश कुमावत रोहन बोकोलिया कैलाश श्रेष्ठी, अजमेर दरगाह अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती, पुष्कर निर्मलाश्रम के संत लवकुश हरि महाराज, ब्रह्मा गयात्री तीर्थ विकास के सचिव अरुण पाराशर, पुष्कर उदासीन आश्रम, महन्त हनुमानराम, पंडित कैलाश नाथ दाधीच, रघु शर्मा, एसपी गौतम व मौसम शर्मा समेत कई गणमान्य लोगमोजूद रहे। बैठक में अजमेर दरगाह अंजुमन कमेटी के सचिव सरोवर चिश्ती ने देवस्थान विभाग और पुष्कर मेला कमेटी के द्वारा गंगा जमुना तहजीब का संदेश देते हुए भाईचारे का संदेश दिया जाएगा पुष्कर निर्मलाश्रम के संत लवकुश हरि महाराज ने कहाकि अध्यात्म यात्रा को सफल बनाने के लिए आश्रम के सभी संत यात्रा में शामिल होने की बात कही। पुष्करब्रह्मा गयात्री तीर्थ विकास के सचिव अरुण पाराशर ने अध्यात्म की यात्रा में एक धार्मिक झांकी की अनुमति मांगी जिस पर सभी अधिकारियों ने सहमति जताते हुए यात्रा को सफल बनाने का आठाह किया। वही पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने आध्यात्मिक यात्रा को आकर्षित और धार्मिकता का संदेश देने वाली बनाने के लिए जगत पिता ब्रह्मागयात्री का चित्र और संगीत्तम ध्वनि उच्चारण वाला सिस्टम लगाने सुझाव दिया। रघु शर्मा एसपी गौतम मौसम शर्मा आध्यात्मिक यात्रा में अपनी अपनी ओर से सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

## तीन दुकानों पर 30 हजार रूपये का लगाया जुर्माना

**अजमेर, 28अक्टूबर (कासं)।** दीपावली के त्यौहार पर मिठाई, सूखे मेवे, बेकरी उत्पाद इत्यादि के साथ डिब्बा तौलने, कम माप-तौल एवं पैकेजिंग नियमों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री न करने इत्यादि कृत्यों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा सोमवार को किशनगढ़ में संयुक्त जांच दल द्वारा निरीक्षण किए गए। निरीक्षण दल में प्रवर्तन अधिकारी नीरज जैन, विधिक माप अधिकारी भावना दयाल एवं प्रवर्तन निरीक्षक महेन्द्र कुमार यादव शामिल रहे।

कन्जयूमर केयर अभियान के जांच दल द्वारा कोटा कचौरी एण्ड नमकीन, राजस्थान गृह उद्योग एवं श्री कैशव स्वीटस एण्ड नमकीन पर 10-10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। विधिक माप अधिकारी भावना दयाल ने बताया कि अभियान के आठवें दिन सोमवार को 3 प्रतिष्ठानों पर 30 हजार रूपए जमा कराने के लिए राशि आरोपित की गई। प्रवर्तन अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि खुदरा व्यापारी खुला सामान नहीं बेंचे। किसी भी खाद्य सामठाी के पैकेट में उसके निर्माण तथा अवसान की तारीख, उसकी मात्रा व वजन, उसको बनाने में काम में लिये गए उत्पाद की सूची, मूल्य इत्यादि का अंकन होना

उत्तर पश्चिम रेलवे पर होगी डोर स्टेप बैंकिंग



''रेलवे की प्रतिदिन की आय को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ही संठाह और

